# केन्द्रीय विद्यालय संगठन,लखनऊ संभाग सत्रांत परीक्षा 2022-23

## विषय – हिंदी (आधार)   कक्षा 11  वीविषय कोड –302

अधिकतम अंक – 80
निर्धारित समय – 3 घंटे

| सामान्य और आवश्यक निर्देश – |
|---|
| 1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं-खंड'अ' और खंड 'ब' ।<br>2. खंड 'अ' में 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।<br>3. खंड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।<br>4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।<br>5. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।<br>6. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए । |

| खड – अ (वस्तुपरक प्रश्न) | | |
|---|---|---|
| प्र-1 | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – | 10 |
| | इतिहास लिखने की ओर कोई जाति तभी प्रवृत्त होती है, जब उसका ध्यान अपने इतिहास के निर्माण की ओर जाता है। यह बात साहित्य के बारे में उतनी ही सच है जितनी जीवन के। हिंदी में आज इतिहास लिखने के लिए यदि विशेष उत्साह दिखाई पड़ रहा है तो यही समझा जाएगा कि स्वराज्य-प्राप्ति के बाद सारा भारत जिस प्रकार सभी क्षेत्रों में इतिहास-निर्माण के लिए आकुल है\| उसी प्रकार हिंदी के विद्वान एवं साहित्यकार भी अपना ऐतिहासिक दायित्व निभाने के लिए प्रयत्नशील हैं। पहले भी जब साहित्य का इतिहास लिखने की परंपरा का सूत्रपात हुआ था, तो संपूर्ण राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के इतिहास-निर्माण के साथ ही। यदि आरंभिक इतिहासों के इतिहास में न जाकर पं. रामचंद्र शुक्ल के इतिहास को ही लें, जो हिंदी-साहित्य का पहला व्यवस्थित इतिहास माना जाता है, तो उसकी ऐतिहासिकता द्योतित करने के लिए उस युग का राष्ट्रीय आंदोलन समानांतर दिखाई पड़ेगा। राजनीतिक इतिहास ग्रंथों का सिलसिला भी उसी ऐतिहासिक दौर में जमा। परंतु शुक्लजी के इतिहास के संदर्भ में जो सबसे प्रासंगिक तथ्य है, वह है तत्कालीन रचनात्मक साहित्य की ऐतिहासिक क्रांति - कविता और कथा-साहित्य का नवीन सृजनात्मक प्रयत्न। साहित्य का वैसा इतिहास तभी संभव हुआ, जब साहित्य-रचना के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक परिवर्तन आया, जब सच्चे अर्थों में इतिहास बना।<br><br>इसके अतिरिक्त, शुक्लजी का इतिहास 'हिंदी शब्द सागर' के साथ आया था, जिसके आसपास ही पं. कामताप्रसाद गुरु का पहला प्रामाणिक 'हिंदी व्याकरण' भी निकला था। साहित्य का इतिहास, शब्दकोश एवं व्याकरण-क्या इन तीनों का एक साथ बनना आकस्मिक है? यह तथ्य इसलिए ध्यान देने योग्य है कि आज फिर जब साहित्यिक इतिहास लिखने का उत्साह उमड़ा है, तो साथ-साथ शब्दकोश और व्याकरण के संशोधन एवं परिवर्तन के प्रयत्न भी हो रहे हैं; बल्कि जिस काशी नगरी प्रचारिणी सभा ने पिछले ऐतिहासिक दौर में ये तीनों कार्य किए थे, वही संस्था आज फिर बहुत बड़े पैमाने पर तीनों योजनाओं के साथ प्रस्तुत है और चूंकि अब हिंदी का कार्यक्षेत्र पहले से कहीं अधिक व्यापक हो गया है इसलिए इस प्रकार के प्रयत्न यदि अन्य अनेक जगहों से भी हों, तो स्वाभाविक ही कहा जाएगा, जैसे भारतीय हिंदी परिषद प्रयाग की ओर से तीन जिल्दों में प्रकाशित होनेवाला 'हिंदी-साहित्य'। इन तथ्यों से प्रमाणित होता है कि आज भी हिंदी उन सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूर्णत: तत्पर है, जो कि अन्य भाषाएं जो कार्य काफी पहले कर चुकी हैं, उसे थोड़े समय में ही जल्द से जल्द पूरा करके हिंदी भी सबके साथ आ जाना चाहती है, बल्कि संभव हुआ तो आगे निकल जाने के लिए भी आकुल है। सभा एवं परिषद के वृहद् - मध्यम इतिहास अनायास ही 'कैम्ब्रिज हिस्ट्री ऑफ इंगलिश लिटरेचर' और 'ऑक्सफोर्ड हिस्ट्री आफ इंगलिश लिटरेचर' की याद दिला देते हैं। जैसा कि इन हिंदी इतिहासों का मंतव्य स्पष्ट किया गया है, 'कोई एक लेखक सभी विषयों पर विशेषज्ञता की दृष्टि से विचार नहीं कर सकता है, इसलिए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के सहयोग से ऐसा इतिहास प्रस्तुत किया जाए, जिसमें नवीनतम खोजों और नवीन व्याख्याओं का समुचित उपयोग हो सके।' ऐसे संदर्भ-ग्रंथों की एक निश्चित उपयोगिता है किंतु यह उनकी अनिवार्य सीमा भी है। इस सीमा को ध्यान में रखकर ही साहित्यिक इतिहास पर पुनर्विचार संभव है। | |

| | | |
|---|---|---|
| (i) | प्रस्तुत गद्यांश में किस विषय पर बात हुई है?<br>(क) साहित्य का निर्माण (ख) इतिहास निर्माण (ग) हिंदी साहित्य का इतिहास लेखन (घ) इतिहास लेखन | 1 |
| (ii) | किस समय से इतिहास लेखन में हिंदी के विद्वानों ने व्याकुलता दिखाई?<br>(क) और इतिहास लिखे जाने के बाद (ख) स्वतंत्रता के बाद (ग) शब्दकोश के निर्माण के बाद<br>(घ) कथा साहित्य के आने के बाद | 1 |
| (iii) | साहित्यिक इतिहास की सीमा क्या है?<br>(क) शब्दकोश (ख) पुनर्विचार (ग) मध्य इतिहास<br>(घ) उसकी उपयोगिता | 1 |
| (iv) | वर्तमान में हिंदी का कार्य क्षेत्र कैसा है?<br>(क) सबसे आगे (ख) व्यापक (ग) कम<br>(घ) सिमटा हुआ | 1 |
| (v) | भारतीय हिंदी परिषद कहा स्थित है?<br>(क) लखनऊ (ख) काशी (ग) प्रयाग<br>(घ) बनारस | 1 |
| (vi) | निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-<br>(I) इतिहास और उसकी ऐतिहासिकता दोनों भिन्न हैं।<br>(II) साहित्य के इतिहास पर पुनर्विचार होना चाहिए।<br>(III) स्वराज्य प्राप्ति के बाद सबका ध्यान अपने इतिहास की ओर गया।<br>उपरिलिखित कथनों में से कौन सही है/हैं?<br>(क) I और II (ख) II और III (ग) I और III<br>(घ) उपरोक्त सभी | 1 |
| (vii) | इतिहास लिखने की ओर कोई कब प्रवृत्त होता है?<br>(क) युग की समाप्ति के बाद (ख) जब कुछ इतिहास हो जाता है (ग) जब सही समय आता है<br>(घ) जब इतिहास निर्माण की जरूरत होती है | 1 |
| (viii) | इतिहास लेखन का कार्य किस संस्था ने पहले किया था?<br>(क) नागरी प्रचारिणी सभा (ख) काशी सभा (ग) राम चंद्र शुक्ल<br>(घ) हिंदी इतिहास संस्था | 1 |
| (ix) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन **(A):** रामचन्द्र शुक्ल का इतिहास हिंदी का प्रथम व्यवस्थित इतिहास माना जाता है।<br>कारण **(R):** राजनीतिक इतिहास ग्रंथों का सिलसिला भी उसी ऐतिहासिक दौर में शुरू हुआ था।<br>(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।<br>(ग) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(घ) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है। | 1 |
| (x) | शुक्ल जी का इतिहास किसके साथ आया था?<br>(क) हिंदी शब्द सागर (ख) हिंदी व्याकरण (ग) मध्यकालीन इतिहास<br>(घ) आधुनिक काल इतिहास | 1 |
| प्र. 2 | निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी <u>एक</u> पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। | 5 |
| | सूख रहा है समय<br>इसके हिस्से की रेत<br>उड़ रही है आसमान में<br>सूख रहा है<br>आँगन में रखा पानी का गिलास<br>पँखुरी की साँस सूख रही है<br>जो सुंदर चोंच मीठे गीत सुनाती थी<br>उससे अब हाँफने की आवाज़ आती है<br>हर पौधा सूख रहा है<br>हर नदी इतिहास हो रही है | |

| | | |
|---|---|---|
| | हर तालाब का सिमट रहा है कोना<br>यहीं एक मनुष्य का कंठ सूख रहा है<br>वह जेब से निकालता है पैसे और<br>खरीद रहा है बोतल बंद पानी<br>बाकी जीव क्या करेंगे अब<br>न उनके पास जेब है न बोतल बंद पानी। | |
| (i) | सूख रहा है समय कथन का आशय लिखिए।<br>क) फूल मुरझाने लगे हैं। ख) जीवनमूल्य समाप्त हो रहे हैं। ग) गर्मी बढ़ रही है। घ) नदियाँ सूखने लगी हैं। | 1 |
| (ii) | हर नदी के इतिहास होने का तात्पर्य है-<br>क) नदियों के नाम इतिहास में लिखे जा रहे हैं। ख) नदियों का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है।<br>ग) लोगों को नदियों की जानकारी नहीं है। घ) नदियों का इतिहास रोचक है। | 1 |
| (iii) | पंखुरी की साँस सूख रही है<br>जो सुंदर चोंच मीठे गीत सुनाती थी<br>ऐसी परिस्थिति किस कारण उत्पन्न हुई?<br>क) अब पक्षी के पास सुंदर चोंच नहीं रही। ख) पतझड़ के कारण पत्तियाँ सूख रही थीं।<br>ग) अब प्रकृति की ओर कोई ध्यान नहीं देता। घ) मौसम बदल रहे हैं। | 1 |
| (iv) | कवि के दर्द का कारण है-<br>क) मानव का कंठ सूख रहा है। ख) प्रकृति पर संकट मँडरा रहा है। ग) पँखुरी की साँस सूख रही है। घ) पक्षी हाँफ रहा है। | 1 |
| (v) | बाकी जीव क्या करेंगे अब कथन में व्यंग्य है-<br>क) जीवों के बचने की कोई उम्मीद नहीं रही। ख) जीव मनुष्य की सहायता नहीं कर सकते।<br>ग) जीवों के पास अपने बचाव के कृत्रिम और प्राकृतिक उपाय हैं। घ) जीव निराश और विचारवान हो गए हैं। | 1 |
| | अथवा | |
| | कोयल सुना रही है तराने वसंत को,<br>भँवरे भी आ गए हैं रिझाने वसंत को।<br>बुलबुल चमन में देखकर तुरंत आ गया,<br>वसंत आ गया अहा! वसंत आ गया।<br>सोलह सिंगार करके खड़ी है वधू-धरा,<br>लेकर सुरंग हार खड़ी है वसुंधरा।<br>सौंदर्य गर्विता वधू का कंत आ गया।<br>ज्यों भूमिजा के पास उनके राम आ गए<br>वृषभानुजा के पास ज्यों कि श्याम आ गए<br>शकुंतला के पास ज्यों दुष्यंत आ गया,<br>वसंत आ गया अहा! वसंत आ गया।।<br>सर-सर हवा पुकारती वसंत आ गया,<br>तितली उतारे आरती वसंत आ गया।<br>सरसों के सर सिहर उठे वसंत आ गया,<br>चिड़ियों के घर सँवर उठे वसंत आ गया।<br>नदियों ने छलछला कहा, वसंत आ गया।<br>झरनों ने गीत गा कहा, वसंत आ गया।<br>गुलशन में देख-देख गुल अनंत आ गया<br>वसंत आ गया अहा! वसंत आ गया। | |
| (i) | बसंत को रिझाने के लिए कौन आ गया है?<br>क) भँवरे ख) कोयल ग) बुलबुल<br>घ) चिड़ियाँ | 1 |
| (ii) | प्रस्तुत काव्यांश का केंद्रीय भाव क्या है? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | क) बसंत का चित्रण ख) प्रकृति का चित्रण ग) बसंत के आने पर प्रकृति का मोहक चित्रण घ) इतिहास का चित्रण | |
| (iii) | बसंत के आगमन पर कौन उल्लासित हो रहा है?<br>क) वनस्पति ख) मानव ग) पशु-पक्षी<br>घ) सभी | 1 |
| (iv) | गुलशन में देख-देख गुल अनंत आ गया पंक्ति से क्या तात्पर्य है?<br>क) बगीचे में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिलने वाले हैं ख) फूलों को देखकर अनंत फूल मुरझाए से हुए हैं<br>ग) अनगिनत फूल बसंत को देखने के साथ-साथ एक-दूसरे को देख-देखकर भी खिल उठे हैं<br>घ) बगीचे में बसंत को देखने से पूर्व ही अनंत फूल खिल उठे हैं | 1 |
| (v) | तितली बसंत का स्वागत कैसे कर रही है?<br>क) आरती उतारकर ख) प्रसन्नतापूर्वक फूलों पर बैठकर ग) हवा में इधर-उधर घूमकर<br>घ) मधुर गीत गाकर | 1 |
| प्र 3 | सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - | 5 |
| (I) | भारत में पहला छापाखाना खोलने का प्रमुख उद्देश्य क्या था?<br>क) मिशनरियों द्वारा धर्मप्रचार के लिए पुस्तकें छापना ख) धन कमाने के लिए ग) भारतीयों को शिक्षित करना घ) अंग्रेजों को भगाने के लिए | 1 |
| (II) | दृश्यों का किस माध्यम में अधिक महत्व होता है?<br>क) समाचार पत्र ख) इंटरनेट ग) टेलीविज़न<br>घ) रेडियो | 1 |
| (III) | भारत में इंटरनेट पत्रकारिता का कौन सा दौर चल रहा है?<br>क) दूसरा ख) तीसरा ग) चौथा<br>घ) पहला | 1 |
| (IV) | भारत में पहला छापाखाना कब लगा?<br>क) सन् 1546 में ख) सन् 1656 में ग) सन् 1576 में<br>घ) सन् 1556 में | 1 |
| (V) | निम्न में कौन सा अखबार केवल इंटरनेट पर ही उपलब्ध है?<br>क) प्रभासाक्षी ख) भास्कर ग) वेबदुनिया<br>घ) हिंदुस्तान | 1 |
| प्र. 4 | निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर उचित विकल्प का चयन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - | 5 |
| | भीतर की आग<br>धनुष की डोरी<br>तीर का नुकीलापन<br>कुल्हाड़ी की धार<br>जंगल की ताज़ा हवा<br>नदियों की निर्मलता<br>पहाड़ों का मौन<br>गीतों की धुन<br>मिट्टी का सोंधापन<br>फसलों की लहलहाहट<br>नाचने के लिए खुला आँगन<br>गाने के लिए गीत<br>हँसने के लिए थोड़ी-सी खिलखिलाहट<br>रोने के लिए मुट्ठी भर एकान्त | |
| (i) | काव्यांश के अनुसार मिट्टी किस गुण से युक्त है?<br>क) वात्सल्य से ख) कड़वाहट से ग) ममत्व से<br>घ) सोंधेपन से | 1 |
| (ii) | कवयित्री के अनुसार नाचने-गाने के लिए कैसे आंगन की आवश्यकता है? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | क) बंद आँगन की ख) सकरे आँगन की ग) खुले आँगन की<br>घ) छोटे आँगन की | |
| (iii) | काव्यांश के अनुसार कवयित्री किसे बनाए रखना चाहती है?<br>क) नगरीय जीवन की सहजता ख) कस्बाई जीवन की सहजता ग) शहरी जीवन की सहजता घ) लोक जीवन की सहजता | 1 |
| (iv) | धनुष की डोरी किस प्रवृत्ति का प्रतीक है?<br>क) शांत प्रवृत्ति का ख) धार्मिक प्रवृत्ति का ग) अक्खड़ प्रवृत्ति का<br>घ) शिकारी प्रवृत्ति का | 1 |
| (v) | काव्यांश के अनुसार रोने के लिए किसकी आवश्यकता है?<br>क) सबके साथ की ख) थोड़े से एकांत की ग) हरी-हरी घास की<br>घ) खुले आँगन की | 1 |
| प्र. 5 | गद्यांश के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - | 5 |
| | धनराम की मंदबुद्धि रही हो या मन में बैठा हुआ डर कि पूरे दिन घोटा लगाने पर भी उसे तेरह का पहाड़ा याद नहीं हो पाया था। छुट्टी के समय जब मास्साब ने उससे दुबारा पहाड़ा सुनाने को कहा तो तीसरी सीढ़ी तक पहुँचते-पहुँचते वह फिर लड़खड़ा गया था। लेकिन इस बार मास्टर त्रिलोक सिंह ने उसके लाए हुए बेंत का उपयोग करने की बजाय ज़बान की चाबुक लगा दी थी, 'तेरे दिमाग में तो लोहा भरा है रे! विद्या का ताप कहाँ लगेगा इसमें?' अपने थैले से पाँच-छह दराँतियाँ निकालकर उन्होंने धनराम को धार लगा लाने के लिए पकड़ा दी थीं। किताबों की विद्या का ताप लगाने की सामर्थ्य धनराम के पिता की नहीं थी। धनराम हाथ-पैर चलाने लायक हुआ ही था कि बाप ने उसे धौंकनी फूँकने या सान लगाने के कामों में उलझाना शुरू कर दिया और फिर धीरे-धीरे हथौड़े से लेकर घन चलाने की विद्या सिखाने लगा। फर्क इतना ही था कि जहाँ मास्टर त्रिलोक सिंह उसे अपनी पसंद का बेंत चुनने की छूट दे देते थे वहाँ गंगाराम इसका चुनाव स्वयं करते थे और ज़रा-सी गलती होने पर छड़, बेंत, हत्था जो भी हाथ लग जाता उसी से अपना प्रसाद दे देते। एक दिन गंगाराम अचानक चल बसे तो धनराम ने सहज भाव से उनकी विरासत सँभाल ली और पास-पड़ोस के गाँव वालों को याद नहीं रहा वे कब गंगाराम के आफर को धनराम का आफर कहने लगे थे। | |
| (i) | धनराम को तेरह का पहाड़ा क्यों नहीं याद हो पा रहा था?<br>क) क्योंकि वह अक्लमंद था ख) क्योंकि वह याद करना नहीं चाहता था<br>ग) क्योंकि वह पढ़ना नहीं चाहता था घ) क्योंकि उसके मन में डर बैठा हुआ है | 1 |
| (ii) | गद्यांश में लिखे गए 'ज़बान की चाबुक' का क्या अर्थ है?<br>क) ज़बान पर चाबुक मारना ख) व्यंग्य वचन ग) ज़बान पर चाबुक लगाना<br>घ) कठोर वचन | 1 |
| (iii) | अध्यापक और लोहार के दंड देने में क्या अंतर था?<br>(i)अध्यापक छात्र को अपनी पसंद का बेंत चुनने की छूट देते थे<br>(ii)लोहार सजा देने के लिए स्वयं हथियार चुनता था<br>(iii)गलती होने पर लोहार जो हाथ लगता उससे सजा दे देता<br>(iv) (i) और (ii) दोनों<br>क) विकल्प (iii) ख) विकल्प (iv) ग) विकल्प (i)<br>घ) विकल्प (ii) | 1 |
| (iv) | तेरे दिमाग में तो लोहा भरा है रे! - किसने किससे कहा?<br>क) लेखक ने धनराम से ख) अध्यापक ने लेखक से ग) अध्यापक ने धनराम से घ) धनराम ने लेखक से | 1 |
| (v) | धनराम ने सहज भाव से गंगाराम की विरासत क्यों सँभाल ली?<br>क) क्योंकि मास्टर ने उसका मजाक उड़ाया था ख) क्योंकि उसका पढ़ने में मन नहीं लगता था<br>ग) क्योंकि उसे स्कूल से निकाल दिया गया था घ) क्योंकि गंगाराम की अचानक मृत्यु हो गई थी | 1 |
| प्र. 6 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन करके उत्तर लिखिए - | 10 |

| | | |
|---|---|---|
| (i) | भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ - लता मंगेशकर पाठ के आधार पर लेखक के अनुसार लता जी जैसा कलाकार कितने समय पश्चात् पैदा होता है?<br>क) युगों बाद ख) शताब्दियों बाद ग) सालो बाद<br>घ) दशकों बाद | 1 |
| (ii) | आलो-अंधारि किस विधा में रचित है?<br>क) रिपोर्ताज ख) आत्मकथा ग) उपन्यास<br>घ) कहानी | 1 |
| (iii) | भारतीय नृत्यकला का प्रमुख आधार क्या है?<br>क) अभिनय ख) शालीनता ग) संगीत<br>घ) लोक नृत्य | 1 |
| (iv) | ज़मीन के अंदर पथरीली पट्‌टी का क्या काम होता है?<br>क) जमीन के तापमान को संतुलित करना ख) रेत और पानी को अलग करना<br>ग) वर्षा के पानी को रोकना घ) भूजल को ऊपर लाना | 1 |
| (v) | लता मंगेशकर से पहले चित्रपट संगीत में कौन मशहूर था?<br>क) दीनानाथ मंगेशकर ख) विलायत खाँ ग) नूरजहाँ<br>घ) कुमार गंधर्व | 1 |
| (vi) | बेबी हालदार से पहले तातुश के घर में काम करने वालों को कितना वेतन मिलता था?<br>क) रु 800 ख) रु 1200 ग) रु 500<br>घ) रु 1000 | 1 |
| vii | बेबी हालदार से पहले तातुश के घर में काम करने वाली की उम्र कितनी थी?<br>क) 40 से 45 ख) 45 से 50 ग) 35 से 40<br>घ) 50 से 55 | 1 |
| viii | “राजस्थान की रजत बूंदे ” नामक पाठ के लेखक हैं ?<br>क) कुमार गंधर्व ख) अनुपम मिश्र ग) रामजीत मिश्र<br>घ) बेबी हालदार | 1 |
| (ix) | 'आलो आंधारि' पाठ के रचयिता कौन हैं?<br>क)कुमार गंधर्व (ख)अनुपम मिश्र (ग) बेबी हालदार<br>घ) इनमें से कोई नहीं | 1 |
| (x) | कुंई को क्यों ढका जाता है?<br>क) पानी को सीमित ढंग से प्रयोग करने के लिए ख) पानी को सिंचाई के कार्य में प्रयोग करने के लिए<br>ग) पानी को समाप्त नहीं होने से बचाने के लिए घ) पानी को साफ रखने के लिए | 1 |
| | **खंड – ब (वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| प्रश्न.7. | दिए गए चार अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए-<br>(क) मेरे शहर का चौराहा (ख) उपभोक्ता-शोषण (ग) महानगरों में आवास की समस्या (घ) भारतीय समाज में अंधविश्वास | 5 |
| प्रश्न.8. | अपने प्राचार्य को पत्र लिखकर अनुरोध कीजिए कि ग्रीष्मावकाश में विद्‌यालय में रंगमंच प्रशिक्षण के लिए एक कार्यशाला राष्ट्रीय नाट्‌य विद्‌यालय के सहयोग से आयोजित की जाए। इसकी उपयोगिता भी लिखिए।<br>अथवा<br>आपके क्षेत्र में कृषि योग्य भूमि पर अनधिकृत कॉलोनियां बसाई जा रही हैं ।इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए | 5 |
| प्रश्न.9. | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए –<br>(क) कथा और पटकथा में क्या अंतर है?<br>(ख)डायरी लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?<br>(ग) डायरी लेखन में व्यक्ति का व्यक्तित्व झलकता है। स्पष्ट कीजिए। | 3x2 =6 |
| प्रश्न | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए –<br>(क) स्ववृत्त में किन-किन बातों का समावेश होना चाहिए?<br>(ख) शब्द कोश से आप क्या समझते हैं? | 2x2 =4 |

| | | |
|---|---|---|
| .10 . | (ग) संदर्भ ग्रंथ से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। | |
| प्रश्न .11 . | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए-<br>(क) केवल स्त्रियों को ही घर का मोह नहीं सताता – "घर की याद" कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए।<br>(ख) "आओ मिलकर बचाएं" कविता के अनुसार "इस दौर में भी बचाने को बहुत कुछ बचा है"-से क्या आशय है?<br>(ग) आशय स्पष्ट करें:<br>तेरा निज़ाम है सिल दे जुबान शायर की,<br>ये एहतियात ज़रूरी है इस बहर के लिए। | 3x2 =6 |
| प्रश्न .12. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए-<br>(क) जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटै अगिनि न काटै कोई।<br>सब घटि अंतरि तूं ही व्यापक धरे सरूपै सोई।<br>इसके आधार पर बताइए कि कबीर की दृष्टि में ईश्वर का क्या स्वरूप है?<br>(ख) चंपा काले-काले अच्छर नहीं चीन्हती कविता का प्रतिपाद्य बताइए।<br>(ग) "घर की याद" कविता में पानी के रात भर गिरने और प्राण-मन के घिरने में परस्पर क्या संबंध है ? | 2x2 =4 |
| प्रश्न .13. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए-<br>(क) जामुन का पेड़ पाठ में हॉर्टीकल्चर विभाग का जवाब व्यंग्यपूर्ण क्यों था?<br>(ख) आठ करोड़ प्रजा के गिड़गिड़ाकर विच्छेद न करने की प्रार्थना पर आपने जरा भी ध्यान नहीं दिया-यहाँ किस ऐतिहासिक घटना की ओर संकेत किया गया है?<br>(ग) अब अगर हम उस जगह बाकी आधे सीन की शूटिंग करते, तो पहले आधे सीन के साथ उसका मेल कैसे बैठता? उसमें से 'कंटिन्युइटी' नदारद हो जाती\| -इस कथन के पीछे क्या भाव है? | 3x2 =6 |
| प्रश्न .14. | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए-<br>(क) आपकी दृष्टि में भारत माता और हिंदुस्तान की क्या संकल्पना है? बताइए।<br>(ख) नमक का दारोगा कहानी में पंडित अलोपीदीन के व्यक्तित्व के कौन-से दो पहलू (पक्ष) उभरकर आते हैं?<br>(ग) कम वेतन देनेवाले स्कूलों के खिलाफ रजनी के दूसरे आंदोलन के विषय पर टिप्पणी करें। | 2x2 =4 |